मतदान गीत

हर वोट जरूरी है, मतदान जरूरी है।
हाँ वोट जरूरी है, मतदान जरूरी है।
वोट करेंगे, लोकतन्त्र का मान जरूरी है।
हर वोट जरूरी है, मतदान जरूरी है।

अब हुये अट्ठारह के,
करेंगे वोट करेंगे विचार के,
मिला है जो अवसर तो,
लाभ अधिकार के,
उज्जवल कल के लिये तैयारी पूरी है।
हर वोट जरूरी है, मतदान जरूरी है।

अधिकारों को पाना है, अपनी पहचान बनानी है,
वोट से अपनी मनचाही, खुद की सरकार बनानी है,
नारी शक्ति सक्षम विकास की धूरी है।
हर वोट जरूरी है, मतदान जरूरी है।

जब आता अवसर चुनने का, भला कहाँ छुप जाते हो
मत अधिकार के इस अवसर को, क्यों तुम व्यर्थ गंवाते हो
योग्य प्रत्याशी चुनने को प्रतिभाग जरूरी है
हर वोट जरूरी है, मतदान जरूरी है।

हाँ वोट जरूरी है, मतदान जरूरी है।